:: संलग्नक I: सीखने की शैली प्रपत्र

		देखकर सीखना (विजुअल)	सुनकर सीखना (ऑडिटरी)	करके सीखना (किनेस्थेटिक)
1	जब किसी नए उपकरण को पहली बार चलाना हो तो मैं चाहूंगी कि...	मुझे निर्देशों को पढ़ने का मौका मिले	व्याख्या सुनने या पूछने का मौका मिले	मुझे 'करके सीखने' का मौका मिले
2	यात्रा के लिए दिशा जानने के वास्ते मैं...	नक्शा देखूंगा	किसी से रास्ता पूछूंगा	अपनी नाक की सीध में चलूंगा या हो सकता है मैं दिशासूचक यंत्र का इस्तेमाल करूं
3	कोई नया व्यंजन बनाते समय मैं...	व्यंजन विधि का अनुसरण करूंगा	समझने के लिए किसी दोस्त को बुलाऊंगा	अपने अनुमान से, बीच–बीच में चख कर आगे बढ़ूंगा
4	किसी को कोई चीज़ सिखाने के लिए मैं...	निर्देश लिख कर दे दूंगी	बोल कर समझा दूंगी	करके दिखाऊंगी और उन्हें करने दूंगी
5	मैं प्रायः कहता हूं...	"मैं आपका मतलब समझ रहा हूं।"	"आप क्या कह रहे हैं, मैं अच्छी तरह सुन रहा हूं।"	"मैं जानता हूं, आपको कैसा लग रहा है?"
6	मैं प्रायः यह कहती हूं...	"मुझे दिखाओ"	"मुझे बताओ"	"मुझे कोशिश करने दो।"
7	मैं प्रायः यह कहता हूं...	"देखो, मैं इसे कैसे करता हूं"	"मेरी बात गौर से सुनो"	"अब तुम खुद हाथ आज़माओ"
8	खराब हो गई चीज़ों के बारे में शिकायत करनी हो तो आमतौर पर मैं...	चिट्ठी लिखती हूं	फोन करती हूं	दुकान पर जाती हूं या उस खराब सामग्री को हैड ऑफिस भेज देती हूं
9	मैं आमोद–प्रमोद के लिए इन गतिविधियों को पसंद करता हूं...	संग्रहालय या दीर्घाएं	संगीत या बातचीत	शारीरिक गतिविधियां अथवा चीज़ें बनाना
10	शॉपिंग करते हुए आमतौर पर मैं...	देख कर तय करती हूं	दुकानदार से बात करती हूं	चलाकर, संभालकर या जांच कर देखती हूं
11	कोई नया कौशल सीखते समय मैं...	यह देखता हूं कि अध्यापक क्या कर रहा है	मैं अध्यापक से पूछता हूं कि मुझे क्या–क्या करना होगा	मैं खुद उस चीज पर हाथ आज़माता हूं और उसी दौरान सीखता जाता हूं
12	कोई गीत सुनते समय मैं...	भी साथ गाने लगती हूं (मन ही मन में या कभी–कभी ऊंची आवाज में!)	मैं गाने के बोल और धुन को सुनती हूं	मैं संगीत के साथ उस दौर में चली जाती हूं

		देखकर सीखना (विजुअल)	सुनकर सीखना (ऑडिटरी)	करके सीखना (किनेस्थेटिक)
13	ध्यान केंद्रित करते समय मैं...	अपने सामने मौजूद तस्वीरों या शब्दों पर ध्यान केन्द्रित करता हूं	समस्या और संभावित समाधानों पर मन ही मन में चर्चा करता हूं	काफी सक्रिय रहता हूं, पेन–पेंसिलों के साथ खेलता हूं और असंबद्ध चीज़ों को उठाता–रखता रहता हूं।
14	चीज़ों को याद रखने के लिए मैं...	नोट्स बनाती हूं या मुद्रित विवरण संभाल कर रख लेती हूं	उन्हें बोल–बोल कर रटती हूं या मुख्य शब्दों और मुख्य बिंदुओं को मन ही मन में दोहराती हूं	उस गतिविधि का अभ्यास करती हूं या अपनी कल्पना में उसको करते हुए देखती हूं।
15	मेरी पहली स्मृति...	किसी चीज़ को देखने की	किसी से बात करने की	कुछ करने की
16	बेचैनी की हालत में मैं...	सबसे निराशाजनक स्थिति की कल्पना करता हूं	मैं मन ही मन में उन चीज़ों पर बात करता हूं जो मुझे सबसे ज़्यादा परेशान कर रही हैं	मैं शांत नहीं बैठ सकता, कुछ न कुछ करता हूं और लगातार इधर उधर घूमता हूं।
17	औरों के साथ मेरा जुड़ाव इस पर निर्भर करता है कि...	वे कैसे दिखते हैं	वे मुझसे क्या कहते हैं	वे मुझे किस तरह का अहसास देते हैं।
18	किसी को कोई चीज़ समझाते हुए मैं आमतौर पर...	उन्हें दिखाती हूं कि मेरा मतलब क्या है	उन्हें अलग–अलग ढंग से तब तक समझाती रहती हूं जब तक बात उन्हें समझ में नहीं आती	उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करती हूं कि वे खुद कोशिश करें और इस दौरान उनसे बात भी करती रहती हूं
19	मेरा ज़्यादातर खाली वक्त बीतता है...	टेलीविज़न देखने में	दोस्तों से बात करने में	शारीरिक गतिविधि या चीज़ें बनाने में
20	जब मैं किसी नए व्यक्ति से पहली बार संपर्क करता हूं तो...	मैं मुलाकात तय करता हूं	मैं उससे फोन पर बात करता हूं	मैं मिलकर कोई गतिविधि करने की कोशिश करता हूं
21	सबसे पहले मेरा ध्यान इस बात पर जाता है कि लोग कैसे...	दिखते हैं और उनका पहनावा कैसा है	कैसे बोलते–बतियाते हैं	कैसे चलते–फिरते और खड़े होते हैं
22	मुझे इनको याद रखने में सबसे ज़्यादा आसानी होती है...	चेहरे	नाम	मेरी की हुई चीज़ें
23	मेरे ख्याल में मैं झूठ पकड़ सकती हूं क्योंकि...	झूठ बोलने वाला आपसे नज़रें नहीं मिलाता	उसकी आवाज़ बदल जाती है	उससे मुझे खास तरह की तरंगें मिलती हैं।
24	किसी पुराने दोस्त से मिलने पर मैं कहता हूं कि...	"तुमसे मिलकर बहुत अच्छा लगा!"	"बहुत दिनों बाद तुम्हारी आवाज़ सुनी!"	मैं उसे गले लगाता हूं या उससे हाथ मिलाता हूं।